# RAJYA SABHA

*Monday, the 11th December,* 2006/20 *Agrahayana,* 1928 *(Saka)*

The House met at eleven of the clock,

MR. CHAIRMAN in the Chair.

## RE. STATEMENT MADE BY THE PRIME MINISTER

**श्री सभापति:** क्वेश्चन आवर...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश):** सर, नेता प्रतिपक्ष कुछ कहना चाहते हैं।

**प्रो॰ रामदेव भंडारी (बिहार):** सर, क्वेश्चन आवर। सर, क्वेश्चन आवर...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** क्वेश्चन आवर में नहीं ...(व्यवधान)... क्वेश्चन आवर में मैं एलाऊ नहीं करूंगा।

**श्री मनोहर जोशी (महाराष्ट्र):** सर, नेता प्रतिपक्ष कुछ कहना चाहते हैं ...(व्यवधान) हाउस में इतने इम्पॉर्टेंट विषय को...(व्यवधान) इसे जरूर आना चाहिए, तुरंत आना चाहिए ...(व्यवधान) विपक्ष के नेता को बोलने दिया जाए...(व्यवधान) यह तुष्टिकरण का नमूना है, ऐसी स्टेटमेंट नहीं आनी चाहिए...(व्यवधान) प्रधानमंत्री जी को यहां बुलाइए...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** क्वेश्चन आवर के बाद में कर लें...(व्यवधान) क्वेश्चन आवर में एलाऊ नहीं करूंगा ...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सर, जब-जब भी नेता प्रतिपक्ष ने बोलना चाहा है, उन्हें मौका दिया गया है...(व्यवधान) हमारा आपसे निवेदन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दें...(व्यवधान)

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश):** नेता प्रतिपक्ष बहुत महत्वपूर्ण विषय पर सदन को संबोधित करना चाहते हैं...(व्यवधान) यह राष्ट्र के अस्तित्व का सवाल है, राष्ट्र के भविष्य का सवाल है...(व्यवधान) राष्ट्र की एकता और अखंडता का सवाल है...(व्यवधान) प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं...(व्यवधान) अगर सदन के नेता ने एक बयान दिया है, तो प्रतिपक्ष के नेता को इस पर...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** मैं एलाऊ नहीं करूंगा...(व्यवधान)

**श्री अली अनवर (बिहार):** सर, क्वेश्चन 261...(व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Sir, it is a very important question. ...(*Interruptions*)...

**प्रो॰ राम देव भंडारी:** सर, ये हाउस का समय बर्बाद कर रहे हैं...(व्यवधान)

**श्री मनोहर जोशी:** देश के प्रधान मंत्री इतना तुष्टिकरण करें, यह बिल्कुल गलत बात है ...(व्यवधान)...सदन के नेता ने जो इस देश की एकता, अखंडता और भविष्य के ऊपर आघात ...(व्यवधान) देश में विभाजन की स्थिति पैदा कर दी है...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** माननीय सदस्य, एक मिनट बैठ जाइए ...(व्यवधान) आप यह मामला क्वेश्चन आवर में उठाना चाहते हैं, इसके दो तरीके हैं, एक तो क्वेश्चन आवर पोस्टपोन करने के लिए आपको नोटिस देना चाहिए...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सर, नोटिस दिया हुआ है...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** वह नोटिस नहीं है ...(व्यवधान)

**कार्मिक, लोक शिकायत और पैंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी):** वह क्वेश्चन आवर ...(व्यवधान)... नोटिस नहीं है ...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** मुद्दा उठाने के लिए नोटिस दिया है ...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** एक मिनट, एक मिनट ...(व्यवधान) वह नोटिस नहीं है ...(व्यवधान) दूसरा मान लीजिए कि आप इसे इतना जरूरी समझते हैं तो 45 मिनट और बचे हैं, आप 45 मिनट के बाद उठा लीजिए....

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सर, रोज़ उठता है, हर दिन उठता है...(व्यवधान)

**श्री सभापति:** रोज़ उठता है तो अच्छी बात नहीं है...(व्यवधान) वह अच्छा नहीं होता है ...(व्यवधान) मैं हाउस एडजर्न नहीं करूंगा...(व्यवधान)

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** यह देश की एकता, अखंडता और भविष्य का सवाल है...(व्यवधान) यह सामान्य प्रश्न नहीं है, क्या कहा जा रहा है...(व्यवधान) यह सदन के अस्तित्व का सवाल है ...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सभापति जी, छः, सात, आठ, नौ तारीख को सत्ता पक्ष ने सदन नहीं चलने दिया ...(व्यवधान) आपने यह नसीहत उन्हें तो नहीं दी ...(व्यवधान) सदन नहीं चलने दिया ...(व्यवधान) बाबरी मस्जिद का सवाल आ गया, गुजरात का सवाल उठाया ...(व्यवधान) उनके चीफ व्हिप ने भी ...(व्यवधान)

**श्री एम॰ वेंकैया नायडु (कर्णाटक):** छः, सात, आठ, नौ तारीखों को भी तो क्वेश्चन आवर ...(व्यवधान) आप यहां पर प्रधान मंत्री को बुलाइए...(व्यवधान)

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** सवाल यह है कि...(व्यवधान) यह बड़ा सवाल है, छोटा सवाल नहीं है।...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सत्ता पक्ष के लोग स्वयं...(व्यवधान) यह दोबारा बंटवारे की नींव डाल रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): Sir, we want the Question Hour *(Interruptions)*...

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): They are not interested in tribal affairs. They are only interested in...*(Interruptions)*...

PROF. RAM DEO BHANDARY: Sir, we want the Question Hour only. *(Interruptions)*

श्री सभापति: कोई रिकार्ड पर नहीं जाएगा।...(व्यवधान)

प्रो॰ राम देव भंडारी: सर,ओनली क्वेश्चन ऑवर। ...(व्यवधान)

श्री सभापति: सदन की कार्यवाही साढ़े ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at thirteen minutes past eleven of the clock.

The House reassembled at thirty minutes past eleven of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair

---

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Question Hour. ...*(Interruptions)* क्वेश्चन ऑवर के बाद ...(व्यवधान)...After Question Hour. ...*(Interruptions)* There is no notice for the suspension of Question Hour. ...*(Interruptions)* Question No. 261 ...*(Interruptions)* Shri Ali Anwar...*(Interruptions)* क्वेश्चन के अलावा रिकॉर्ड पर कुछ नहीं जाएगा। ...(व्यवधान)...

---

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### पी॰ई॰एस॰ए॰ अधिनियम के प्रावधानों को लागू किया जाना

*261. श्री अनवर अली: क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 के प्रावधानों को लागू किए जाने से अनुसूचित जनजाति के दलित लोग आरक्षण के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह मामला सरकार की जानकारी में लाया गया है; और

(ग) क्या सरकार उपर्युक्त अधिनियम के निरसन संशोधन पर विचार करेगी?